भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न सं. †*454
सोमवार, 03 अप्रैल, 2023/13 चैत्र, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

समुद्री तटों (बीचों) का विकास

†*454. **श्री जुएल ओरामः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए समुद्री तटों (बीचों) को विकसित करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो पर्यटकों को पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करने के लिए किन-किन तटीय राज्यों और समुद्री तटों (बीचों) का विकास किया जा रहा है; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान उन समुद्री तटों (बीचों) में प्रत्येक के लिए इस प्रयोजनार्थ राज्य-वार कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*****

समुद्री तटों (बीचों) का विकास के संबंध में दिनांक 03.04.2023 के लोक सभा के मौखिक प्रश्न सं. †*454 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

(क) से (ग) : पर्यटक स्थलों की पहचान और विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/ संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है तथापि पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन' योजना (एसडीएस) के तहत पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों आदि को वित्तीय सहायता प्रदान करता है । वर्ष 2014-15 में इस योजना की शुरूआत से पर्यटन मंत्रालय ने देश में समुद्र तटों पर विकास कार्य सहित तटवर्ती परिपथ थीम के तहत 10 परियोजनाओं को स्वीकृति दी है । एसडीएस के अंतर्गत योजना दिशानिर्देशों में विनिर्दिष्ट निधि जारी करने संबंधी प्रक्रिया के अनुसार निधियां किश्तों में जारी की जाती हैं और घटक-वार राशि जारी नहीं की जाती है । तटवर्ती परिपथ में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है :

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य का नाम**	**वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1.	आंध्र प्रदेश	2014-15	काकीनाडा - होप द्वीप - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पसरलापुडी - अडुरु - एस यानम - कोटिपल्ली में परिपथ का विकास	67.84
2.	आंध्र प्रदेश	2015-16	नेल्लोर, पुलिकट झील, उब्बलमाडुगु जलप्रपात, नेलपट्टू पक्षी अभयारण्य, मयपादु बीच, रामतीर्थम का विकास	49.55
3.	पुदुचेरी	2015-16	दुब्रायापेट, अरिकामेडु चीन वीरमपट्टिनम, चुन्नबमार, नल्लवडु, मनापेट, कलापेट, फ्रेंच क्वार्टर, तमिल क्वार्टर और यानम का विकास	58.44
4.	पश्चिम बंगाल	2015-16	बीच परिपथ का विकास: उदयपुर-दीघा-शंकरपुर-ताजपुर-मंदारमणि-फ्रेजरगंज-बक्खलाई-हेनरी द्वीप	67.99

5.	महाराष्ट्र	2015-16	सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ (शिरोडा बीच, सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), देवगढ़ (किला और बीच), मितभाव, टोंडावली, मोसेहमद और निवती किला) का विकास ।	19.06
6.	गोवा	2016-17	सिंक्वेरिम-बागा, अंजुना-वागातोर, मोरजिम-केरी, अगुआड़ा किला और अगुआड़ा जेल का विकास।	97.65
7.	ओडिशा	2016-17	गोपालपुर, बरकुल, सतपदा और तम्पारा का विकास।	70.82
8.	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	201617	लॉन्ग आइलैंड-रॉस स्मिथ आइलैंड-नील आइलैंड-हैवलॉक आइलैंड-बराटांग आइलैंड- पोर्ट ब्लेयर का विकास।	27.57
9.	तमिलनाडु	2016-17	चेन्नई-माममल्लपुरम-रामेश्वरम-कुलसेकरनपट्टिनम-कन्याकुमारी का विकास	73.13
10.	गोवा	2017-18	रुआ डी ओरम क्रीक - डॉन पॉला - कोल्वा - बेनोलिम का विकास	99.35
			कुल	**631.40**

*****